नई दिल्ली, मंगलवार
11 फरवरी 2020
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+6=24

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

फ्लैट के दाम नहीं बढ़ाएगी आवास विकास परिषद 2
वॉकिन फीनिक्स को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का ऑस्कर अवार्ड 15

नुक्कड़ नाटक के जरिये किया जागरूक

जासं : ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दनकौर गांव का दौरा कर लोगों को घर-घर जाकर स्वच्छता का पाठ पढ़ाते हुए जागरूक किया। विद्यार्थियों ने लोगों को हरे व नीले रंग के डस्टबिन के बारे में जानकारी दी। साथ ही जगह-जगह हरे व नीले रंग के डस्टबिन रखवाए। विद्यार्थियों ने लोगों को जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। लोगों को नाटक के मंचन के दौरान कूड़ा फैलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए गंदगी न फैलाने की शपथ दिलाई। गौर समूह के डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि सफाई अभियान में सभी की भागदारी होने चाहिए।